ऐसे स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी जो किसी कारण पहले आवेदन नहीं कर सके हों अब भी आवेदन कर सकते हैं। जिन स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के आवेदन पत्र 31–3–1973 तक प्राप्त हो जाएंगे और जो उपयुक्त पाये जाएंगे उन्हें 15–8–1972 से पेंशन दी जायगी।

**मध्य प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों में उद्योग**

483. **श्री गंगा चरण दीक्षित** : क्या **औद्योगिक विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या पिछड़े क्षेत्रों के औद्योगिकीकरण को प्रोत्साहित करने की योजना के अन्तर्गत मध्य प्रदेश के कुछ उद्योगपतियों ने पिछड़े क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने के लिए लाइसेंस प्राप्त करने हेतु आवेदन-पत्र दिए थे; परन्तु उन्हें लाइसेंस नहीं दिए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) मध्य प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने सम्बन्धी कोई वैकल्पिक योजना तैयार करने का सरकार का विचार है?

**औद्योगिक विकास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद)** : (क) से (ग) अन्य बातें समान होने पर, पिछड़े क्षेत्रों में औद्योगिक एककों की स्थापना हेतु प्राप्त आवेदनों को वरीयता दी जाती है। जहां तक मध्य प्रदेश का संबंध है, 1–1–1971 से अब तक औद्योगिक लाइसेंसों के लिए 10 आवेदन पत्र स्वीकार किये गये हैं; 25 आवेदन पत्र शेष हैं। भारत सरकार की मध्य प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने के लिए कोई वैकल्पिक योजना नहीं है।



**जबरन धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए कानून**

484. **श्री गंगा चरण दीक्षित** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उन राज्यों के नाम क्या हैं जिन्होंने जबरन धर्म-परिवर्तन को रोकने के लिए कानून बनाये हैं?

**गृह मंत्रालय तथा कार्मिक विभाग में राज्य-मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा)** : उपलब्ध सूचना के अनुसार ऐसे कानून मध्य प्रदेश और उड़ीसा राज्यों में अधिनियमित किये गये हैं।

असम, बिहार, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर, केरल, महाराष्ट्र, मनीपुर, मेघालय, मैसूर, नागालैण्ड, पंजाब, राजस्थान, त्रिपुरा तथा पश्चिम-बंगाल में ऐसे कोई कानून अधिनियमित नहीं किये गये हैं। आन्ध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और तमिल नाडु के सम्बन्ध में सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

**View of Maharashtra Government on Industrial and Economic Policies and Joint Sector Concept**

485. SHRI BANAMALI PATNAIK: Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND SCIENCE AND TECHNOLOGY be pleased to state:

(a) whether the Maharashtra State Government have sent a memorandum enunciating their views on the subject of industrial and economic policies and the joint sector concept?

(b) if so, the salient features thereof; and

(c) the reaction of the Central Government thereto?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT (SHRI SIDDHESHWAR PRASAD): (a) to (c). While addressing the Conference of State Ministers